हरिभूमि
रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शनिवार 3 अक्टूबर 2026

तापमान

अधिकतम 37.5 डिग्री
न्यूनतम 21.8 डिग्री

11 निजी स्कूल संचालकों का स्कूल मान्यता दोबारा रिव्यू कराने व वाहनों की पार्सिंग जिले से बाहर कराने का विरोध



12 सुलखा में कराया जाएगा स्टेडियम का निर्माण, कादिपुर शूटिंग रेंज पर खर्च होंगे 200 करोड़



खबर संक्षेप



अवैध देशी शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

रेवाड़ी। सेक्टर-3 चौकी पुलिस ने अवैध शराब बेचने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान मोहल्ला हंसनगर रेवाड़ी निवासी भीमसिंह के रूप में हुई है। एएसआई विनोद कुमार ने बताया की शुक्रवार को पुलिस को सूचना मिली कि भीमसिंह निवासी मोहल्ला हंसनगर कंटेनर डिपो बावल रोड के सामने अवैध रूप से शराब बेच रहा है। पुलिस टीम ने मौके से आरोपी को काबू किया। आरोपी के कट्टे की तलाशी ली, तो उसमें से देशी शराब के 52 पव्वे बरामद हुए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम तहत मामला दर्ज करके उसे गिरफ्तार कर लिया है।

दहेज के मामलों में तीन आरोपी गिरफ्तार

रेवाड़ी। पुलिस ने दहेज उत्पीड़न से जुड़े मामलों में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पिथनवास में विवाहिता की मौत के बाद 22 जून को दर्ज मामले में रामपुरा थाना पुलिस ने ईश्वर और देवकीनंदन को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मायके पक्ष के लोगों के बयान पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। थाना कोसली पुलिस ने विवाहिता की शिकायत पर दर्ज मामले में गुरावड़ा निवासी रवि कुमार को गिरफ्तार किया है। बाद में उसे पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

सड़क हादसों के आरोपी चालक गिरफ्तार

रेवाड़ी। पुलिस ने सड़क हादसें के दर्ज मामलों में दो वाहन चालकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सड़क हादसे के बाद गत 22 सितंबर को केस दर्ज किया था। हादसे में बाइक की टक्कर से एक व्यक्ति घायल हो गया था। पुलिस ने इस मामले में नांगल पठानी निवासी प्रदीप को गिरफ्तार कर लिया। उसकी बाइक को भी पुलिस ने कब्जे में लिया। धारूहेड़ा थाना पुलिस ने 20 सितंबर को दर्ज किए गए मामले में चरखी दादरी के गोकल निवासी सुनील को गिरफ्तार किया है।

कोर्ट से घोषित पीओ भेजा गया जेल

रेवाड़ी। थाना मॉडल टाउन पुलिस ने कोर्ट से घोषित किए जा चुके एक पीओ को गिरफ्तार किया है। अदालत में विचाराधीन मामले में रोहड़ाई निवासी रमेश तारीख पर पेश नहीं हो रहा था। बार-बार सम्मन भेजे जाने के बाद भी वह कोर्ट में पेश नहीं हुआ, तो उसे उद्घोषित अपराधी करार दे दिया गया था। कोर्ट ने उसके खिलाफ कार्रवाई के आदेश दिए थे। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

चोरी का आरोपी प्रोडक्शन वारंट पर

रेवाड़ी। सिटी पुलिस ने सितंबर माह चोरी की वारदात के बाद दर्ज मामले में एक आरोपी को कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। पुलिस ने शहर में हुई चोरी की घटना के बाद 23 सितंबर को केस दर्ज करते हुए जांच शुरू की थी। आसपास के सीसीटीवी कैमरों की मदद से चोरों का पता लगाने के प्रयास किए थे। इस मामले में पुलिस ने नूंह की जेल में बंद झज्जर के शाहजहांपुर निवासी विजयपाल को कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। उसे चोरी के इस मामले की तफ्तीश में शामिल किया गया है।

शुक्रवार को अनाजमंडी में ई-खरीद पोर्टल पर शाम तक 430 गेटपास कटे

अनाजमंडी में बाजरे की आवक तेज, एक किलोमीटर तक लगी ट्रैक्टरों की कतार

व्यापारियों ने की 12 हजार क्विंटल बाजरे की खरीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिले की रेवाड़ी, बावल व कोसली के अनाजमंडियों में दूसरे दिन भी बाजरे की सरकारी खरीद का एक भी दाना नहीं खरीदा गया। शुक्रवार को नई अनाजमंडी में बाजरे की आवक काफी तेज रही। सुबह से ही अनाजमंडी के गेट पर ट्रैक्टर-ट्रालियों की कतार लगनी शुरू हो गई। शाम तक अनाजमंडी के गेट से एक किलोमीटर कंटेनर डिपो पर बाजरे से भरे वाहनों की कतार लगी रही। शुक्रवार शाम तक अनाजमंडी में ई-खरीद पोर्टल पर 430 गेटपास काटे गए, जबकि व्यापारियों की ओर से 12000 क्विंटल बाजरे की खरीद की गई। एजेंसी हैफेड ने दूसरे दिन भी बाजरा नहीं खरीदा। गत दिवस अनाजमंडी में 149 गेट पास काटे गए थे और 3800 क्विंटल बाजरे की प्राइवेट खरीद दर्ज की गई। अनाजमंडी में अब तक 65 हजार क्विंटल के करीब बाजरे की आवक हो चुकी है। अनाजमंडी के गेट पर ट्रैक्टर-ट्रालियों की कतार लगने लगी है। बाजरा बेचने के लिए ज्यादा संख्या में किसानों के ट्रैक्टर लेकर पहुंचने से अनाजमंडी के पहले फड के पास जाम की स्थिति भी बनी रही। सरकार ने बाजरे का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2900 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है तथा किसानों को 600 रुपये भावांतर भरपाई के दिए जाएंगे। अभी आढ़ती 2100 से 2300 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से बाजरे की खरीद कर रहे है। सरकारी खरीद एजेंसिया बाजरे की क्वालिटी को लेकर असमंजस में है।



रेवाड़ी। अनाजमंडी में बाजरे की खरीद करते हुए व्यापारी। फोटो : हरिभूमि





रेवाड़ी। गेटपास के लिए किसान के वाहन की फोटो लेते हुए कर्मचारी।

बढ़ती आवक को लेकर मंडी में किए इंतजाम

मार्केट कमेटी की ओर से फसल खरीद में किसानों की सुविधा और बढ़ती आवक को देखते हुए पूरे इंतजाम किए गए हैं। अनाजमंडी के गेट पर सुबह 8 बजे से गेट पास काटने की प्रक्रिया शुरू होने के बाद शाम को 5 बजे तक ही गेटपास काटे जाएंगे। नई अनाज मंडी में किसानों की सुविधा के लिए 10 बायोमीट्रिक मशीनों की व्यवस्था की गई है। मंडी के दोनों मुख्य प्रवेश गेट के साथ ही मार्केट कमेटी कार्यालय परिसर में भी मशीनों व्यवस्था की गई है।

वाहन पर रजिस्ट्रेशन नंबर अवश्य लिखवाएं

मार्केट कमेटी के सचिव नरेंद्र सिंह ने कहा कि किसान अनाज मंडी में अपनी फसल लेकर आने से पहले ये अवश्य वेरिफाई कर लें कि उनकी फसल पंजीकरण का सत्यापन हो गया है। यदि फसल का सत्यापन अभी तक नहीं हुआ है तो सत्यापन तक इंतजार करें। इसके साथ ही अपने वाहन पर रजिस्ट्रेशन नंबर अवश्य लिखवाएं, जिससे गेटपास जारी करने में कोई भी परेशानी न हो। किसान अपनी फसल को साफ करके व सुखाकर लाएं, ताकि मंडी में फसल का उचित मूल्य मिल सकें।

मिड-डे-मील कार्यकर्ताओं ने मांगों को लेकर उठाई आवाज, सरकार के खिलाफ की जमकर नारेबाजी

■ सरकार कार्यकर्ताओं को मात्र 7000 महीना ही मानदेय दे रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

केंद्रीय श्रमिक संगठन एआईयूटीयूसी से संबंधित मिड-डेमील कार्यकर्ता यूनियन शुक्रवार को अपनी लंबित मांगों को लेकर नेताजी सुभाष चंद्र बोस पार्क में बैठक की। यूनियन की जिला सचिव मनेश देवी ने बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक में 26 अक्टूबर को नांदल भवन बोहर रोहतक में होने वाली महापंचायत को समर्थन दिया गया और जिले से मिड-डेमील कार्यकर्ताओं ने महापंचायत में शामिल होने का फैसला लिया। मिड-डेमील कार्यकर्ताओं ने मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

इस अवसर पर एआईयूटीयूसी के जिला सचिव शेरसिंह मीरपुर ने बताया कि 26 अक्टूबर को महापंचायत में शहीद-ए-आजम भगत सिंह की भानजी व किसान नेत्री गुरजीत कौर मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगी। उन्होंने कहा कि मिड-डेमील कर्मी गरीब परिवारों से है। सरकार उन्हें मात्र में 7000 महीना ही मानदेय दे रही है। यूनियन



रेवाड़ी। मांगों को लेकर नारेबाजी करती मिड-डेमील कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

ये मौजूद रहे

इस मौके पर एआईयूटीयूसी के उपप्रधान हरिओम सिंह, बीना देवी, राजबाला, शीला, रेशमी, संतोष, रोशनी, सुशीला, मंजू, सविता, सुषमा, शर्मिला, कविता, बीना, सुमित्रा, इंद्रावती, निर्मला, रेखा, कविता, सुनीता, शीला, धौली, माया, मेमवती, मीना, किरण, राजबाला, परमेश मुन्नी, मंजू, सुशीला, मुकेश,उषा, रेखा, मनीता व सोमलता सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रही।

गिरफ्तार किए गए आरोपी पहचान साबिर निवासी गांव लोहिंगा कलां जिला नूंह के रूप में हुई

बाइक चोरी के 10 मामलों में वांछित आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज. रेवाड़ी

मॉडल टाउन थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए चोरी की बाइक खरीदने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी पहचान साबिर निवासी गांव लोहिंगा कलां जिला नूंह के रूप में हुई है। आरोपी की मॉडल टाउन और थाना शहर में दर्ज बाइक चोरी के 10 अलग-अलग मामलों में पुलिस को लंबे समय से तलाश थी। मूलरूप से बिहार के जिला सारण के गांव फरदहिया हाल किरायेदार युगल बिहार निवासी अर्जुन शर्मा ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया था की गत वर्ष 12 अक्टूबर को उसने रेजांगला पार्क के बाहर बाइक खड़ी की थी। करीब आधे घंटे बाद जब वह वापस आया तो उसकी बाइक गायब थी। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए चोरी में संलिप्त दो आरोपी सलीम उर्फ गांधी और मकसूद निवासी गांव सौंध जिला नूंह को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने खुलासा किया था कि उन्होंने रेजांगला पार्क से चोरी की गई बाइक जिला नूंह के गांव लोहिंगा कलां निवासी साबिर को 8000 रुपये में बेची थी। पुलिस ने वीरवार को मामले में संलिप्त एक और आरोपी साबिर को भी काबू कर लिया है।



गोरक्षक ने बचाई घायल मोर की जान नाहड़ वन्य जीव अभ्यारण पहुंचाया

■ एक मोर को कुत्तों ने नोंचकर घायल कर दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

गांव भालखी में कुत्तों के हमले से घायल हुए राष्ट्रीय पक्षी मोर को बचाने के लिए गोरक्षक ने सराहनीय प्रयास किए। घायल मोर को नाहड़ वन्य प्राणी विहार भिजवा दिया गया, जहां उसका उपचार किया जा रहा है। गांव में एक मोर को कुत्तों ने नोंचकर घायल कर दिया था। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस की ईआरवी मौके पर पहुंच गई। गोरक्षक ढाणी शोभा निवासी नीरज यादव भी पता लगने के बाद वहां पहुंच गए। इसके बाद वन्य प्राणी विभाग नाहड़ के अधिकारियों को सूचना दी गई। गोरक्षक ने मोर का प्राथमिक उपचार कराया। इसके बाद वन्य प्राणी विहार की टीम के हवाले कर दिया। टीम घायल मोर को अपने साथ नाहड़ ले गई, जहां उसका उपचार किया गया। इस मौके पर सचिन शर्मा, दीपक शर्मा, सुमित शर्मा व कई ग्रामीण मौजूद थे।



रेवाड़ी। घायल मोर के साथ गोरक्षक।

महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा का पालन करते हुए जीवन में आगे बढ़ने का रास्ता दिखाया

सोमाणी कॉलेज में हर्षोल्लास से मनाई गांधी व शास्त्री जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सोमाणी कॉलेज में शुक्रवार को महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के मैनेजमेंट, स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने महात्मा गांधी, लाल बहादुर शास्त्री व स्वतंत्रता सेनानी आरडी सोमाणी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। संस्थान स्वतंत्रता सेनानी स्व. आरडी सोमाणी की शुक्रवार को पुण्यतिथि थी। इस अवसर पर अकेडमिक हेड डा. नविता ने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा का पालन करते हुए जीवन में आगे बढ़ने का रास्ता दिखाया। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को स्वाभिमान और साहस के गुण विरासत में मिले थे। इस मौके पर प्रो. आरती चौहान, प्रो. जगबीर सिंह ढिल्लों, प्रो. राहुल चौहान, प्रो. प्रीति यादव, प्रो. रमेश गुर्जर, प्रो. वैशाली व एडमिन हेड राखी ढींगरा सहित समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।



रेवाड़ी। महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाते हुए। फोटो : हरिभूमि

जतिन को मिस्टर और नोनिता को मिला मिस फ्रेशर का खिताब



डहीना। विवेकानंद डिग्री कॉलेज डहीना में नव प्रवेशी विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विवेकानंद शिक्षा समिति के चेयरमैन रामानंद व कॉलेज के निदेशक एडवोकेट सुधीर कुमार ने की। इस मौके पर विद्यार्थियों ने नृत्य, गायन व नाटक सहित अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। चेयरमैन, निदेशक, प्राचार्य पवन कुमार, डहीना की प्राचार्या हेमलता व स्कूल की प्राचार्या कृष्णा यादव न नए विद्यार्थियों का स्वागत किया। कॉलेज के निदेशक विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ अनुशासन, संस्कार, नैतिक मूल्यों एवं सर्वांगीण विकास पर ध्यान देने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर मिस व मिस्टर फ्रेशर का चयन भी किया गया। बीएससी प्रथम वर्ष के छात्र जतिन को मिस्टर फ्रेशर तथा बीए की छात्रा नोनिता को मिस फ्रेशर का खिताब प्रदान किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के सभी शिक्षक मौजूद थे।

खेल

शहर से लेकर गांव तक दीदार को उमड़े लोग, डीजे की धुन पर निकाला गया जुलूस, एक घंटे तक जाम रहा रोड

गोल्ड मेडलिस्ट के सम्मान में उमड़ी भीड़, हर गांव में किया गया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

एशियन गेम्स में पिस्टल से सटीक निशाना साधकर देश के लिए सोना जीतने वाले सुलखा निवासी कमलजीत व झज्जर की सुरुचि सिंह का शुक्रवार को गांव पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। राव तुलाराम स्टेडियम में जहां प्रशासन की ओर से स्वागत किया गया, वहीं शहर से गांव जाते हुए रास्ते में जगह-जगह इस होनहार पर फूलों की वर्षा की गई।

कलजीत को शहर से गांव ले जाने के लिए दर्जनों वाहनों का काफिला राव तुलाराम स्टेडियम पहुंच गया था। कार्यक्रम से निकलने के बाद काफिला शाहजहांपुर स्टेट हाइवे पर पहुंचा तो रास्ते में जाटूवास, खरसानकी, अकबरपुर जैतड़ावास व भाड़ावास गांवों से निकला तो, तो ग्रामीणों ने काफिले को रोककर कमजीत का जोरदार स्वागत किया। इस प्रतिभाशाली खिलाड़ी ने रास्ते में पड़ने वाले मंदिरों में माथा टेककर आशीर्वाद लिया। काफिले के साथ चल रहे डीजे की धुन पर युवा थिरकते हुए सुलखा गांव तक पहुंचे। काफिले में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल थीं। रास्ते में पड़ने वाले गांवों की पंचायतों की ओर से भी गोल्ड मेडलिस्ट कमलजीत का सम्मान किया गया।





रेवाड़ी। सुलखा में कमलजीत व सुरुचि का सम्मान करते ग्रामीण, कार्यक्रम में मौजूद लोगों की भीड़। फोटो : हरिभूमि

जाम से वाहन चालक परेशान

वाहनों का काफिला लंबा होने के कारण इस स्टेट हाइवे पर लगभग एक घंटे तक वाहनों का जाम लगा रहा। शाहजहांपुर की ओर आवागमन करने वाले वाहन सुलखा तक जाम में फंसे रहे। जाम खुलवाने के लिए सुलखा से पहले पुलिसकर्मी नजर नहीं आए। सुलखा के आसपास ही पुलिसकर्मी तैनात रहे, जिस कारण वाहन चालकों को परेशानी का सामना भी करना पड़ा।

ग्रामीणों ने दिखाई एकजुटता

अपने होनहार युवा खिलाड़ी का स्वागत करने के लिए शुक्रवार को पूरा सुलखा गांव पूरी तरह एकजुट नजर आया। ग्रामीणों ने गांव के स्कूल में कमलजीत का अभिनंदन करने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की हुई थीं। बच्चों व बुजुर्गों से लेकर महिलाओं तक ने स्वागत करने में भरपूर उतसाह और एकजुटता का परिचय दिया। सरपंच सुधीर सोनी की ओर से भी स्वागत समारोह की व्यापक तैयारियां की गई थीं।



हनुमान अंश के बाद टीवी पर आएगी नीम करोरी बाबा की कहानी

नई दिल्ली। शोभिनव सत्या स्टारर फिल्म हनुमान अंश साल 2026 में बॉक्स ऑफिस पर सबसे बड़ा सरप्राइज बनकर उभरी। डिवोशनल ड्रामा फिल्म घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 300 करोड़ और वर्ल्डवाइड 400 करोड़ से ज्यादा की कमाई की। नीम करोरी बाबा की जिंदगी पर बनी फिल्म ने लाखों लोगों के दिलों को छुआ। अब बड़े पर्दे के बाद छोटे परदे पर भी फैंस को नीम करोरी बाबा के चमत्कार देखने को मिलेंगे, क्योंकि अब महान संत की जिंदगी पर एक चैनल सीरियल लेकर आ रहा है। विशाल चतुर्वेदी के बाद नीम करोरी बाबा की जिंदगी, उनके कार्य और उनके चमत्कार की कहानी को विस्तार से दिखाने की जिम्मेदारी जिस चैनल ने अपने कंधे पर उठाई है, वह कोई और नहीं, बल्कि सोनी टेलीविजन है। महान संत नीम करोरी बाबा पर बन रहे सीरियल की एक छोटी सी झलक सोनी टीवी ने अपने यूट्यूब चैनल पर भी शेयर की है।

लाइफ Style

आशा

मिसेज यूनिटी वर्ल्ड 2026 का जीता खिताब

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

लखनऊ में मिसेज यूनिटी वर्ल्ड 2026 का फिनाले आयोजित किया गया था। इसमें आशा दीपिका अट्टालुरी ने खिताब अपने नाम किया। यह खिताब जीतने के बाद वह हैदराबाद के शमशाबाद एयरपोर्ट पहुंचीं और वहां उन्होंने अपनी खुशी जाहिर की।

आशा दीपिका ने कहा, 'भारत ने यूनिटी पेजेंट जीता है, जिसका मतलब है कि मैं जीती, पूरा देश जीता। अब मैं मिसेज वर्ल्ड हूं और मैं पूरे देश, पूरी दुनिया का प्रतिनिधित्व कर रही हूं। मुझे तेलंगाना पर बहुत गर्व है, क्योंकि मैं तेलंगाना में ही पली-बढ़ी हूं। मैं एक तेलुगु लड़की हूं, इसलिए मैं बहुत खुश हूं कि मैं यह लाल ताज वापस ला पाई।' आशा दीपिका ने आगे कहा, 'इस ताज को बनाने में छह महीने लगे, यह रूस में बना है और हाथ से बनाया गया ताज है। मैं अभी गर्व के साथ भारत और दुनिया का प्रतिनिधित्व कर रही हूं।' आशा दीपिका का उनके परिवार वालों और प्रशंसकों ने स्वागत किया। इससे पहले अपनी पोस्ट में आशा दीपिका ने खिताब जीतने का जश्न मनाते हुए लिखा, 'हां दुनिया, हमने इतिहास रच दिया। ताज का सपना देखने से लेकर आखिरकार उसे पहनने तक... यह पल एक खूबसूरत याद दिलाता है कि देर रात तक जागना, हर रिहर्सल, हर चुनौती और हर छोटे कदम की मेहनत रंग लाई। सपनों, मकसद, कड़ी मेहनत और अनगिनत यादों से भरा यह सफर आखिरकार इस यादगार पल तक पहुंचा है- मिसेज यूनिटी वर्ल्ड 2026।' 38 साल की आशा एक विजनरी, उद्यमी, टेक्नोलॉजिस्ट और समाजसेवी हैं। उनका जन्म आंध्र प्रदेश में हुआ और उनकी परवरिश हैदराबाद, तेलंगाना में हुई। फिलहाल वह अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में रहती हैं।



हॉलीवुड मसाला



एंजेलिना की बेटी ने हटाया पिता का सरनेम

लॉस एंजिल्स। एंजेलिना जोली और ब्रैड पिट की बेटी जहरा ने ऑफिशियली अपने सरनेम से 'पिट' शब्द हटा लिया है। अब से वह 'जहरा मार्ले जोली' के नाम से जानी जाएंगी। नाम में यह बदलाव एक कैलिफोर्निया जज द्वारा अप्रूव किया गया। बताया जा रहा है कि उनके नाम में यह बदलाव बिना किसी आपत्ति के हुआ है। जहरा ने 9 जून को अपने नाम से 'पिट' हटाने की मांग की थी। इसी बीच, उनके बड़े भाई मैडॉक्स ने भी ऐसी ही याचिका दायर की थी। जहरा ने पहले ही पब्लिकली 'जहरा मार्ले जोली' नाम का इस्तेमाल किया था। मई में, अटलांटा में स्पेलमैन कॉलेज से ग्रैजुएशन सेरिमनी में उनका नाम 'पिट' के बिना घोषित किया गया था। इसी तरह, उन्होंने नवंबर 2023 में अल्फा कप्पा अल्फा सोरोरिटी में शामिल होने के दौरान भी इसी नाम से अपना परिचय दिया था।



एवेंजर्स एंडगेम एनकोर का बॉक्स ऑफिस पर चला सिक्का

नई दिल्ली। 4600 करोड़ बजट और 23 सुपरहीरो वाली एवेंजर्स डूम्सडे 18 दिसंबर को रिलीज हो रही है। उससे पहले 38 सुपरहीरो वाली मूवी एवेंजर्स एंडगेम को एवेंजर्स एंडगेम एनकोर नाम से रीरिलीज किया गया है। इसका सिक्का इंडियन बॉक्स ऑफिस पर चल गया है। 4600 करोड़ और 23 सुपरहीरो की फिल्म एवेंजर्स डूम्सडे से पहले मार्वल स्टूडियोज की रिकॉर्ड तोड़ फिल्म 'एवेंजर्स एंडगेम' का स्पेशल वर्जन एवेंजर्स एंडगेम एनकोर रिलीज किया गया है। सैकनिल्क के लाइव आंकड़ों के मुताबिक, सातवें दिन फिल्म भारत में 443 शो पर चल रही है और दिन का नेट कलेक्शन अभी तक 0.18 करोड़ रुपए दर्ज किया गया है। इससे फिल्म का कुल इंडिया नेट बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 29.53 करोड़ रुपए और इंडिया ग्रॉस बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 35.28 करोड़ रुपए पहुंच गया है। बता दें कि एवेंजर्स एंडगेम एनकोर में 38 सुपरहीरो हैं। 25 सितंबर को रिलीज हुई इस एवेंजर्स एंडगेम एनकोर में दिसंबर में आने वाली एवेंजर्स डूम्सडे की एक्सक्लूसिव झलक भी शामिल है।



रूपा का पोस्टर जारी, रोमांटिक अंदाज में दिखीं कोमल

मुंबई। अभिनेता गोविंदा और कोमल रानी स्वर्णकार आगामी फिल्म 'रूपा' में साथ नजर आएंगे। फिल्म से इतर दोनों अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी लगातार चर्चा में हैं। एक-दूसरे के साथ इनका नाम जोड़ा जा रहा है और डेटिंग की रूमर्स चल रही हैं। इस बीच इनकी आगामी फिल्म का पोस्टर सामने आया है। दोनों रोमांटिक अंदाज में नजर आ रहे हैं। गोविंदा और कोमल रानी स्वर्णकार की फिल्म 'रूपा' का पोस्टर जारी किया गया है। कोमल रानी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से फिल्म की झलक शेयर की है। इसमें गोविंदा और कोमल एक-दूजे की बाहों में खोए नजर आ रहे हैं। पोस्ट के साथ कोमल ने कैप्शन लिखा है, 'रूपा'। इस फिल्म को लिखा गोविंदा ने, साथ ही निर्देशन की कमान भी उन्होंने ही संभाली है। लीड रोल में वे और कोमल हैं। इसके अलावा कोमल रानी ने एक और फोटो भी साझा की है। इसमें वे और गोविंदा रोमांटिक लुक में दिख रहे हैं।



ऑपरेशन गंगा में मोहनलाल के साथ शेयर करेंगे स्क्रीन

मुंबई। अभिनेता अर्जुन रामपाल अब साउथ सुपरस्टार मोहनलाल के साथ स्क्रीन शेयर करेंगे। मोहनलाल अभिनीत फिल्म फिल्म 'ऑपरेशन गंगा' का निर्देशन विष्णु मोहन ने किया है। फिल्म में मोहनलाल के अलावा बॉलीवुड एक्टर अर्जुन रामपाल, आदिल हुसैन और भाग्यश्री भोरसे नजर आएंगी। अभी इसकी रिलीज डेट सामने नहीं आई है। अर्जुन रामपाल ने हाल ही में मोहनलाल के साथ अपनी कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। इसके बाद फैंस की ओर से काफी मजेदार रिएक्शन सामने आए हैं। अर्जुन द्वारा शेयर की गई तस्वीरों में दोनों कलाकार काफी खुश नजर आ रहे हैं। अर्जुन ने कैप्शन में लिखा कि मोहनलाल के साथ स्क्रीन शेयर करना उनके लिए बेहद सम्मान की बात है। उन्होंने मोहनलाल को बेहद प्रतिभाशाली और प्रेरणादायक कलाकार बताया। अर्जुन ने यह भी बताया कि दोनों फिल्म की शूटिंग के लिए जॉर्जिया के त्बिलिसी में हैं।

टीवी मसाला



तेज प्रताप की गोद में बैठकर सारा ने किया डांस

नई दिल्ली। 'राइज एंड फॉल 2' इस वक्त चर्चा में है। वजह है शो में होने वाली लड़ाई और ड्रामा। इसी बीच एक वीडियो वायरल हो गया है, जिसमें सारा गुरपाल ने तेजू भैया की गोद में बैठकर डांस किया। रियलिटी शो 'राइज एंड फॉल' का सीजन 2 शुरुआत से ही जबरदस्त चर्चा में बना हुआ है। शो में पेंटहाउस और बेसमेंट के खिलाड़ियों के बीच तगड़ा मुकाबला चल रहा है। टास्क के बाद हुई बहस में इस हफ्ते के अल्टीमेट रूलर बने तेज प्रताप यादव का गुस्सा भी देखने को मिला। जहां उन्होंने मनीष कश्यप को जमकर खरी-खोटी सुनाई थी। तनातनी के बीच शो का एक नया और मजेदार प्रोमो सामने आया है। जब तेज प्रताप यादव के सामने बेसमेंट के कंटेस्टेंट्स ने परफॉर्मेंस दी, तो माहौल एकदम मजेदार हो गया. शो के नए मोड़ के तहत बेसमेंट में रह रहे वर्कर्स को पेंटहाउस में प्रमोट होने के लिए ऑडिशन देना था। जहां उन्हें अल्टीमेट रूलर तेज प्रताप यादव के सामने परफॉर्म करना था। अनाउंसमेंट हुई कि तेज प्रताप को जिसका परफॉर्मेंस सबसे ज्यादा पसंद आएगा, उसे ही पेंटहाउस में जाने का मौका मिलेगा। इस दौरान सारा गुरपाल ने डांस करते करते कुछ ऐसा कर दिया कि स्वरा भास्कर हैरान रह गईं। ऑडिशन के दौरान पंजाबी एक्ट्रेस और सिंगर सारा गुरपाल ने बॉलीवुड गाने पर धमाकेदार डांस करना शुरू कर दिया। हालांकि, डांस करते-करते सारा अचानक तेज प्रताप यादव की गोद में बैठ गईं। और उनके लिए रोमांटिक अंदाज में परफॉर्म करने लगीं। डांस के दौरान सारा ने मुस्कुराते हुए तेज प्रताप को 'क्यूटी' भी कहा।

बिग बी की 'मृत्युदाता' को कंटेस्टेंट ने बताया बोर


नई दिल्ली। अमिताभ बच्चन इन दिनों कौन बनेगा करोड़पति शो को होस्ट कर रहे हैं। शो में बिग बी को काफी पसंद किया जाता है। इतना ही नहीं, इस शो के दौरान बिग बी कंटेस्टेंट्स से और खुद अपनी पर्सनल लाइफ के किस्से भी शेयर करते हैं। अब हाल ही में एक ऐसा कंटेस्टेंट आया जिसने बिग बी के सामने बोल दिया कि वह उनकी फिल्म मृत्युदाता को देखकर सो गए थे। दरअसल, एक कंटेस्टेंट आईं जयपुर से जिसका नाम है अलमस खान। वह बिग बी से अपने बचपन की यादें शेयर करते हैं। वह बताती हैं कि वह बड़ी मूवी बलफ हूं और फिर उन्होंने बिग बी की 1997 की फिल्म मृत्युदाता से जुड़ा एक किस्सा बताया। अलमस ने कहा कि वह उस समय यंग थीं और कजिन के साथ मूवी देखने गई थीं। हालांकि, फिर अलमस बताती हैं कि वह फिल्म देखकर सो गई थीं। अलमस ने बिग बी से कहा, 'फिल्म तो मेरे समझ आई नहीं इतना। लेकिन, जगह इतनी खूबसूरत थी और ए सी लगा था कि मैं सो गई।



एशियन एकेडमी अवॉर्ड्स में 'सूबेदार' का जलवा

अनिल को बेस्ट एक्टर इन ए लीडिंग रोल कैटेगरी में मिला नॉमिनेशन

मुंबई। अनिल कपूर स्टारर फिल्म 'सूबेदार' इसी साल मार्च में रिलीज हुई थी। अब इस फिल्म का एशियन एकेडमी क्रिएटिव अवॉर्ड्स में जलवा देखने को मिला है। सुरेश त्रिवेणी के निर्देशन में बनी फिल्म 'सूबेदार' 5 मार्च, 2026 को ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई थी। फिल्म को क्रिटिक्स और दर्शकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली थी। अब इस फिल्म ने एशियन एकेडमी क्रिएटिव अवॉर्ड्स में भारत के लिए बेस्ट फीचर फिल्म का अवॉर्ड जीता। सिर्फ इतना ही नहीं, फिल्म में अपनी भूमिका के लिए अभिनेता अनिल कपूर को बेस्ट एक्टर इन ए लीडिंग रोल कैटेगरी में नॉमिनेट भी किया गया है। बता दें कि एक्शन-ड्रामा फिल्म में अनिल कपूर ने रिटायर्ड सैनिक 'सूबेदार' अर्जुन मौर्य का किरदार निभाया था। इस सम्मान पर प्रतिक्रिया देते हुए अभिनेता ने सोशल मीडिया पर अवॉर्ड्स की ऑफिशियल ब्रॉडकास्ट की एक तस्वीर शेयर की और इसे अपने करियर का एक खास पल बताया। पोस्ट शेयर करते हुए अभिनेता ने लिखा, 'मेरी जर्नी का एक बहुत खास पल। 'सुबेदार' के लिए एशियन




एकेडमी क्रिएटिव अवॉर्ड्स में बेस्ट एक्टर इन ए लीडिंग रोल के लिए नॉमिनेट होना मेरे लिए सम्मान की बात है। भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए मुझे खुशी हो रही है। पूरी टीम और फिल्म को सपोर्ट करने वाले सभी लोगों का आभारी हूं।' इसके साथ ही पोस्ट में अभिनेता ने डायरेक्टर को बधाई देते हुए लिखा, 'सुरेश यह मेरे लिए और भी अधिक मायने रखता है, क्योंकि हमने इसे बनाते समय एक साथ सफर तय किया है।'

लिटिल थॉमस का ट्रेलर रिलीज, हास्य से भरपूर ड्रामा की दिखी झलक

मुंबई। रसिका दुग्गल और गुलशन देवैया की फिल्म 'लिटिल थॉमस' का ट्रेलर गुरुवार को रिलीज कर दिया गया है। यह फिल्म 1990 के दशक के गोवा के बैकग्राउंड पर आधारित एक वार्म, फनी और नॉस्टैल्जिक कहानी है। यह फिल्म 90 के दशक के गोवा की बैकग्राउंड पर बनी एक पारिवारिक और हास्य से भरपूर ड्रामा फिल्म है। फिल्म में सात साल के बच्चे थॉमस (हृदांश पारेख) की एक मासूम इच्छा दिखाई गई है, जो एक छोटा भाई पाना चाहता है। इस चक्कर में वह अपने माता-पिता (रसिका दुग्गल और गुलशन देवैया) को करीब लाने के लिए अजीब और मजेदार हरकतें करता है, जिससे घर में हास्यप्रद स्थितियां पैदा होती हैं। फिल्म का निर्देशन कौशल ओझा ने किया है और इसे अनुराग कश्यप द्वारा निर्मित किया गया है। फिल्म का पहला गाना 'दो गुना जिंदगी' पहले ही रिलीज किया जा चुका है जिसे दर्शकों द्वारा काफी पसंद किया जा रहा है। यह फिल्म 23 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

'बच्चों के साथ काम करना कई बार मुश्किल हो जाता है'



उन्होंने कहा, 'बच्चों के साथ काम करना कई बार मुश्किल हो जाता है, क्योंकि उनका माहौल बहुत शोर-शराबे वाला होता है। बच्चे धूल-मिट्टी में रहते हैं और उनमें से कई को प्रोफेशनल होने का मतलब समझ नहीं आता, इसलिए यह काफी चुनौतीपूर्ण हो सकता है। मैंने छोटे बच्चों के साथ भी काम किया है। उनके मिजाज के हिसाब से हमें एडजस्ट करना पड़ता है। कई बार आप पूरी तरह तैयार होते हैं, शॉट रेडी होता है और आप जल्दी से काम खत्म करना चाहते हैं, लेकिन उनके लिए इंतजार करना पड़ता है।'

दुनियाभर में 6 भाषाओं में दिखाई जाएगी फिल्म

ऑस्कर में भेजी गई गोंधल की 6 शहरों में होगी स्पेशल स्क्रीनिंग

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

मराठी फिल्म 'गोंधल' को ऑस्कर के लिए चुना गया है। अब फिल्म की 6 शहरों में स्क्रीनिंग का ऐलान हुआ है, जिसके बाद इसे 6 भाषाओं में दुनियाभर में रिलीज किया जाएगा। मराठी साइकोलॉजिकल थ्रिलर 'गोंधल' को 99वें एकेडमी अवॉर्ड्स के लिए भारत की आधिकारिक एंट्री के तौर पर चुना गया है। अब फिल्म के मेकर्स ने इसके एक्सक्लूसिव प्रीव्यू स्क्रीनिंग का ऐलान किया है। फिल्म की स्क्रीनिंग 9 अक्टूबर से छह शहरों में होगी। इसके बाद फिल्म को दुनियाभर में छह भाषाओं में रिलीज किया जाएगा।

संतोष दावखर के निर्देशन में बनी 'गोंधल' की प्रीव्यू स्क्रीनिंग मुंबई, पुणे, दिल्ली, चेन्नई, हैदराबाद और बेंगलुरु में होगी। 9 अक्टूबर से मुंबई और पुणे के चार-चार थिएटर्स में स्क्रीनिंग शुरू होगी, जिसके बाद बाकी शहरों में भी फिल्म दिखाई जाएगी। इन प्रीव्यू स्क्रीनिंग

में फिल्म को मराठी और हिंदी भाषा में दिखाया जाएगा। ऑस्कर में भेजी गई फिल्म गोंधल को 6 भाषाओं में रिलीज किया जाएगा. प्रीव्यू के बाद फिल्म भारत और विदेशों में मराठी, हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ भाषाओं में रिलीज होगी. हालांकि, फिल्म की दुनियाभर में रिलीज की तारीख का अभी ऐलान नहीं किया गया है।

दर्शकों को गोंधल से दोबारा जोड़ने का मौका

निर्देशक संतोष दावखर ने कहा कि उनके लिए ये प्रीव्यू सिर्फ फिल्म की शुरुआती स्क्रीनिंग नहीं हैं, बल्कि दर्शकों को 'गोंधल' से दोबारा जोड़ने का मौका हैं। उन्होंने कहा कि फिल्म महाराष्ट्र की सांस्कृतिक मिट्टी से निकली कहानी है और इसकी आवाज, माहौल और विजुअल दुनिया को थिएटर में सामूहिक रूप से अनुभव करना जरूरी है। भारत की ओर से ऑस्कर में प्रतिनिधित्व करने के बाद दर्शकों के सामने फिल्म लाना उनके लिए खास मायने रखता है।

क्या है गोंधल की कहानी?

फिल्म की कहानी महाराष्ट्र की ग्रामीण संस्कृति में होने वाले पारंपरिक गोंधल अनुष्ठान की पर आधारित है। इस रस्म में संगीत, नृत्य और पौराणिक कथाओं का खास महत्व होता है। फिल्म की कहानी एक नवविवाहित जोड़े के इर्द-गिर्द घूमती है। आधिकारिक कहानी के मुताबिक, फिल्म में सुमन नाम की एक नई-नई शादी हुई दुल्हन की कहानी दिखाई गई है, जो घुटन भरी जिंदगी से परेशान है। वह गोंधल अनुष्ठान को लेकर अपने प्रेमी सरजेराव के जुनून का फायदा उठाती है और इस पवित्र परंपरा को एक खतरनाक खेल में बदल देती है। फिल्म में इशिता देशमुख, किशोर कदम और योगेश सोहोनी अहम भूमिकाओं में हैं।

खबर संक्षेप

एसडी स्कूल के छात्र शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना

कनीना। एसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककराला के 11वीं व 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए दो दिन और तीन रात के शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया है। जिसके अंतर्गत विद्यालय के सीईओ आरएस यादव ने विद्यार्थियों के दल को झंडी दिखाकर रवाना किया। शैक्षणिक यात्रा के लिए बेहद महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक स्थलों का चयन किया गया है।

महात्मा गांधी एवं शास्त्री को किया नमन

महेंद्रगढ़। सत्य और अहिंसा के पूजक, स्वच्छता के प्रणेता राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं ''जय जवान, जय किसान'' का अमर नारा देने वाले देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर शुक्रवार को नगर पालिका कार्यालय में एक विशेष कार्यक्रम हुआ। इस दौरान नगर पालिका प्रधान रमेश सैनी एवं अन्य कर्मचारियों ने दोनों महान विभूतियों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

नगर पालिका प्रधान रमेश सैनी ने कहा कि महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री का जीवन पूरे देश और भावी पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। नपा प्रधान रमेश सैनी ने कहा कि महात्मा गांधी का मानना था कि स्वच्छता केवल एक कार्य नहीं, बल्कि ईश्वर की भक्ति के समान है। नगर पालिका का हर कर्मचारी और शहर का हर नागरिक यदि स्वच्छता को अपना कर्तव्य बना ले, तो महेंद्रगढ़ को एक सुंदर और स्वस्थ शहर बनाया जा सकता है।

महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को याद किया


मंडी अटेली। महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर अटेली में ब्लॉक स्तरीय कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह द्वारा सम्मेलन की अध्यक्षता की गई। वहीं राजस्थान के मुंडावर से विधायक ललित यादव विशेष रूप से मौजूद रहे। मंच सचालन कमलेश सैनी द्वारा किया गया। जबकि अतिथियों का स्वागत अटेली ब्लाक प्रधान सुमेर बिहाली ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत दोनों महापुरुषों को श्रद्धासुमन अर्पित कर की गई। सम्मेलन में किसानों, युवाओं, बेरोजगारी, महंगाई, स्वास्थ्य, शिक्षा, कानून-व्यवस्था और सामाजिक सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई।

हरियाणा प्राइवेट स्कूल एसो. की बैठक में कार्यप्रणाली पर नाराजगी

निजी स्कूलों पर नए नियम थोपने का विरोध, आंदोलन की चेतावनी

- पोर्टल के काम और मान्यता रिव्यू के नियम को बताया परेशान करने वाला
- स्कूल वाहनों की फिटनेस पासिंग के नए नियम पर भी जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



रेवाड़ी। बैठक में उपस्थित निजी स्कूल संचालक। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक प्रदेश अध्यक्ष रामपाल यादव की अध्यक्षता में राज इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश के मुख्य संरक्षक जवाहर लाल दुहन व उपाध्यक्ष जगदेव सिंह भी मौजूद थे। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष रामपाल यादव ने कहा कि कि सभी प्राइवेट स्कूल ईमानदारी और कड़ी मेहनत करके बच्चों को शिक्षा देने का कार्य करें, क्योंकि शिक्षा के क्षेत्र में कोई बहाना नहीं होता, ये बच्चे ही आगे जाकर एक सशक्त और विकसित राष्ट्र का निर्माण करेंगे। उन्होंने कहा कि यदि शिक्षा विभाग ने इन अनुचित नियमों को प्राइवेट स्कूलों पर थोपने का कार्य किया तो एसोसिएशन संघर्ष करने के लिए मजबूर होगी और शिक्षा विभाग की ओर से थोपे गए इन नियमों का पुरजोर विरोध किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग सरकारी स्कूलों की तरह प्राइवेट स्कूलों को भी पोर्टल के कार्यों में उलझा कर प्राइवेट स्कूलों को परेशान करना चाह रही है। जवाहर लाल दुहन ने कहा कि प्राइवेट स्कूलों का देश की प्रगति और शिक्षा के उत्थान में विशेष योगदान रहा है। जो कार्य देश की शिक्षा विभाग पूरा नहीं कर पा रही है, उसे प्राइवेट स्कूल पूरा कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि जिन स्कूलों ने परमानेंट मान्यता ली हुई है, उन्हें भी 10 वर्ष के बाद दोबारा रिव्यू करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। जब शिक्षा विभाग ने सरकार के नियमों को पूरा करने पर ही इन सभी स्कूलों को नियमानुसार परमानेंट मान्यता दी गई थी, तो फिर दोबारा से मान्यता रिव्यू का नियम थोपने का क्या मतलब है। इससे भ्रष्टाचार बढ़ेगा और प्राइवेट स्कूल परेशान होंगे।

प्रदेश उपाध्यक्ष जगदेव ने कहा कि सरकार की ओर से स्कूल वाहनों को फिटनेस पासिंग के लिए जिला मुख्यालय की बजाय जोन लेवल पर विशेष पहुंच वाले लोगों की ओर से स्थापित फिटनेस सेंटरों पर पासिंग कराने के लिए नियम थोपा जा रहा है, जो पूरी तरह से अव्यावहारिक है, जिससे सभी स्कूल संचालकों में आरटीए के खिलाफ भारी आक्रोश हैं। इस मौके पर प्रदेश महासचिव चौ. रणबीर सिंह ने भी शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर सख्त नाराजगी व्यक्त की। सभी ने शिक्षा विभाग की ओर से थोपे गए नए नियमों का विरोध किया और वापस न लेने पर पूरे हरियाणा प्रदेश स्तर पर विरोध करने का ऐलान किया। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा विभाग जल्द ही एसोसिएशन की मांगों पर शीघ्रता से पुन विचार करें, अन्यथा एसोसिएशन पूरे प्रदेश में सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर होगी।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर कैशियर सुमेर सिंह, महेंद्रगढ़ जिला अध्यक्ष पवन तंवर, प्रमोद शास्त्री, गुरुग्राम जिला अध्यक्ष धर्मबीर, राकेश, श्री भगवान, मुकेश, रणधीर सिंह चौहान, मनीष, सुरेंद्र सिवाच, देवेंद्र, विक्रम, सत्यपाल, ओमबीर, शिवचरण, कृष्ण, नितेश और जगदेव सहित सभी स्कूल संचालक उपस्थित रहे।

महिलाओं को सशक्त व आत्मनिर्भर बना रही लाडो लक्ष्मी योजना: डॉ. कृष्ण कुमार

- बावल के विधायक ने कार्यालय में सुनी लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बावल



रेवाड़ी। लोगों की समस्याएं सुनते हुए विधायक। फोटो :हरिभूमि

बावल के विधायक डा. कृष्ण कुमार ने शुक्रवार को कार्यालय में जनसुनवाई करते हुए लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान क्षेत्र के विभिन्न गांवों से पहुंचे लोगों ने बिजली, पानी, सड़क, पेंशन, परिवार पहचान पत्र, विकास कार्यों सहित विभिन्न समस्याएं विधायक के समक्ष रखीं। विधायक ने संबंधित विभागों के अधिकारियों से फोन पर बात कर कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान कराया तथा शेष समस्याओं के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि पीएम और सीएम के नेतृत्व में देश और प्रदेश में सरकार आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए गंभीरता से कार्य कर रही है। सरकार की प्राथमिकता है कि पात्र लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर मिले और उन्हें कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना सहित विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं। इन योजनाओं से महिलाओं को आर्थिक सहायता के साथ-साथ आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिल रहा है।

ग्रामीणों से किया नशा मुक्ति अभियान से जुड़ने का आह्वान

- नशा बेचने वाले की सूचना तुरंत पुलिस या मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 पर करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



रेवाड़ी। ग्रामीणों को नशे के खिलाफ जागरूक करती पुलिस टीम। फोटो :हरिभूमि

जिला पुलिस की नशा मुक्ति टीम ने शुक्रवार को डोर टू डोर अभियान के दौरान गांव उष्मापुर और गादला में ग्रामीणों व युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों को लेकर जागरूक किया। इस अवसर पर नशा मुक्ति टीम ने कहा कि नशा व्यक्ति के शरीर, परिवार और समाज तीनों का सबसे बड़ा शत्रु है। यह न केवल स्वास्थ्य को बर्बाद करता है, बल्कि युवाओं का भविष्य भी अंधकारमय कर देता है। उन्होंने ग्रामीणों से अभियान से जुड़ने का आह्वान किया। पुलिस टीम ने ग्रामीणों को साइबर अपराध के खतरों से भी अवगत कराया। उन्होंने बताया कि आजकल अपराधी फोन कॉल, सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से व्यक्तिगत जानकारी हासिल करने की कोशिश करते हैं। ऐसे में आप सभी को सतर्क रहकर किसी भी अनजान व्यक्ति से अपनी निजी जानकारी साझा नहीं करनी चाहिए। साइबर ठगी होने पर साइबर राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें।

नशा मुक्ति टीम ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि यदि कोई व्यक्ति नशा करता है या नशा बेचता है तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस या मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 पर करें।

गांधी-शास्त्री जयंती पर रन फॉर डीएवी मैराथन, 400 छात्रों ने लगाई दौड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती के अवसर पर डीएवी प्रबंध कर्तृ समिति, नई दिल्ली के तत्वावधान में राष्ट्रव्यापी 'रन फॉर डीएवी' मैराथन का आयोजन किया गया। एमएलएस डीएवी पब्लिक स्कूल और डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल की ओर से संयुक्त रूप से आयोजित मैराथन का उद्देश्य विद्यार्थियों में शारीरिक फिटनेस, अनुशासन, एकता, सेवा-भावना और राष्ट्रप्रेम की भावना को बढ़ावा देना रहा। मैराथन का शुभारंभ विधायक ओमप्रकाश यादव और डीएसपी भारत भूषण ने पुलिस लाइन से हरी झंडी दिखाकर किया। दौड़ पुलिस लाइन से शुरू होकर अग्रसेन चौक, राजीव चौक और नागरिक अस्पताल होते हुए सुभाष स्टेडियम पहुंची, जहां इसका समापन हुआ। दोनों विद्यालयों के कक्षा नौवीं से 12वीं तक के करीब 400 विद्यार्थियों ने उत्साह और खेल भावना के साथ इसमें भाग लिया। प्रतियोगिता में कक्षा 11वीं-12वीं के लड़कों में आदित्य 12वीं कॉमर्स प्रथम, दक्ष 11वीं कॉमर्स द्वितीय और वंश 11वीं तृतीय रहे। लड़कियों में दीया 12वीं कॉमर्स प्रथम, किस्मत 12वीं विज्ञान द्वितीय और सलोनी 11वीं विज्ञान तृतीय स्थान पर रही।

गांधी जयंती पर चलाया स्वच्छता अभियान

- भाजपा कार्यकर्ताओं ने सेक्टर-1 सोलहराही श्मशान घाट में किया श्रमदान, स्वच्छता का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



रेवाड़ी। श्मशान घाट परिसर में सफाई करते हुए भाजपा कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर शुक्रवार को भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने सेक्टर-1 स्थित सोलहराही श्मशान घाट में स्वच्छता अभियान चलाकर बापू को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने श्मशान घाट में साफ-सफाई की तथा नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। इस मौके पर पीपीपी कोऑर्डिनेटर डा. सतीश खोला ने कहा कि महात्मा गांधी ने स्वच्छता को राष्ट्र निर्माण का महत्वपूर्ण आधार माना था। उनके अनुसार स्वच्छता केवल व्यक्तिगत आदत नहीं, बल्कि समाज और देश के प्रति प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि बापू के विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं और स्वच्छ भारत का निर्माण उनके सपनों को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। डा. खोला ने कहा कि स्वच्छता ही महात्मा गांधी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। स्वच्छ वातावरण से जहां बीमारियों की रोकथाम होती है, वहीं समाज में अनुशासन, जागरूकता और सकारात्मक सोच का विकास भी होता है। उन्होंने नागरिकों से अपने घरों, मोहल्लों, सार्वजनिक स्थलों और धार्मिक स्थलों की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं

इस अवसर पर पूर्व जिला महामंत्री अमित यादव ने कहा कि स्वच्छ भारत का संकल्प तभी सफल होगा, जब प्रत्येक नागरिक स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएगा। भाजपा जिला सचिव डा. कविता गुप्ता, पूर्व जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा चांदनी चांदना, रविंद्र खंडेलवाल, राजेश सैनी, महेश सैनी व सुनील यादव सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना का दूसरा चरण शुरू, मिलेंगे प्रति माह 2100 रुपये

- पात्रता के दायरे को बढ़ाते हुए अब 1.80 लाख तक की वार्षिक आय वाले परिवारों की महिलाओं को भी शामिल कर लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



डीसी अभिषेक मीणा

हरियाणा सरकार ने महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और स्वावलंबन की दिशा में कदम उठाते हुए दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के दूसरे चरण की आधिकारिक शुरूआत कर दी है। योजना के नए चरण में पात्रता के दायरे को बढ़ाते हुए अब 1.80 लाख रुपये तक की वार्षिक आय वाले परिवारों की महिलाओं को भी शामिल कर लिया गया है। योजना का लाभ मिलने के बाद भी उनके सारे सरकारी लाभ जारी रहेंगे। डी सी अभिषेक मीणा ने बताया कि योजना के तहत पात्र लाभार्थी महिलाओं को प्रति माह 2100 रुपये की वित्तीय सहायता सीधे उनके बैंक खातों में ट्रांसफर की जाएगी।

योजना के दूसरे चरण के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया पूरे प्रदेश में शुरू की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए पात्र महिलाएं आवेदन कर सकती है। आवेदन की प्रक्रिया को सरल और सुविधाजनक बनाने के लिए डिजिटल एवं ऑफलाइन दोनों माध्यम उपलब्ध कराए गए हैं। डिजिटल माध्यम से पात्र महिलाएं अपने स्मार्टफोन पर लाडो लक्ष्मी योजना डाउनलोड कर घर बैठे अपना पंजीकरण कर सकती है।

इसके अलावा, जो महिलाएं ऑफलाइन माध्यम से आवेदन करना चाहती हैं, वे अपने नजदीकी समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय, सीएससी सेंटर या जिले में लगाए जा रहे सेवा सेतु शिविर में उपलब्ध सहायता काउंटरों के माध्यम से आवेदन कर सकती हैं।

गांधी जयंती पर अंतरिक्ष टावर्स में चलाया स्वच्छता अभियान

रेवाड़ी। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर शुक्रवार को आरडब्ल्यूए की ओर से अंतरिक्ष टावर्स में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान में सोसायटी के बच्चों, युवाओं, महिलाओं व बुजुर्गों ने भाग लिया और स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर निवासियों ने सामूहिक रूप से सोसायटी परिसर की साफ-सफाई की तथा आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने का संकल्प लिया। अभियान में मैनेजमेंट टीम ने भी सहयोग एवं सहभागिता निभाई। इस मौके पर आरडब्ल्यूए की अध्यक्ष सुधा यादव ने अभियान में शामिल सभी निवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति की दैनिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही सोसायटी को स्वच्छ, स्वस्थ और बेहतर बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि गांधी जयंती पर आयोजित यह अभियान केवल सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एकता, सामाजिक जिम्मेदारी और अपने घर-आंगन के प्रति जागरूकता का प्रतीक है।

ग्राम सभा में गांवों के विकास, स्वच्छता और जनकल्याण से जुड़े विषयों पर किया विचार-विमर्श

- सरपंच बलराम, पंचायत सचिव भोलू राम, प्रवेश कुमार सहित ग्रामीणों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



रेवाड़ी। ग्राम सभा में मौजूद ग्राम सचिव व ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि

गांधी जयंती के अवसर पर जिले की ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया। इस मौके पर ग्रामीणों एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने भाग लेकर गांवों के विकास, स्वच्छता, जल संरक्षण एवं जनकल्याण से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श किया। ग्राम सभाओं में ग्राम पंचायत विकास योजना, स्वच्छता, पेयजल, गंदे पानी की निकासी, जल संरक्षण, सामाजिक पेंशन, पीपीपी, बाल विवाह मुक्त गांव एवं ठोस कचरा प्रबंधन सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। गांव खड़गवास में आयोजित विशेष ग्राम सभा में सरपंच बलराम, पंचायत सचिव भोलू राम, प्रवेश कुमार सहित ग्रामीणों ने भाग लिया। खड़गवास के नोडल अधिकारी एसडीओ डा. अरविंद यादव ने ग्राम सभा की कार्यवाही का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि ग्राम सभा ग्रामीणों की सहभागिता से गांव की विकास प्राथमिकताएं तय करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। ग्रामीणों के सुझावों के आधार पर विकास कार्यों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाया जा सकता है।

कोसली अनाजमंडी में 15 हजार क्विंटल बाजरा पहुंचा, खरीद शुरू नहीं

कोसली। कोसली अनाज मंडी में बाजरे की भारी आवक शुरू हो चुकी है। खरीद एजेंसी हैफेड की ओर से अभी तक बाजरे की खरीद शुरू नहीं की गई। मार्केट कमेटी के सचिव विकास यादव ने बताया कि अब तक मंडी में 576 किसान 15985 क्विंटल बाजरे को लेकर पहुंच चुके हैं। खरीद एजेंसी के अधिकारी देवराज सिंह यादव ने बताया कि गत दिवस वीरवार को पांच किसानों के बाजरे के सैंपल लिए गए थे तथा आज तक 181 किसानों के सैंपल लेकर मार्केटिंग बोर्ड के एनालाइजर लैब को भेजा गया है। सैंपल पास होने पर ही बाजरे की खरीद की जाएगी। प्रदेश सरकार की ओर से बाजरे की खरीद 2300 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित की गई है तथा 600 रुपए भावांतर राशि सीधे किसानों के खाते में भेजे जाएंगे। मंडी में खुले में बाजरे का भाव 2100 से लेकर 2200 रुपए प्रति क्विंटल चल रहा है। किसान कम भाव पर अपनी फसल बेचने के लिए तैयार नहीं है।



रेवाड़ी। बाजरे से लबालब कोसली अनाज मंडी।

मत्स्य पालन की आधुनिक तकनीकों और योजनाओं की दी जानकारी

मत्स्य पालन से किसानों को मिल रहा आय-रोजगार का अवसर

विभाग के मार्गदर्शन वैज्ञानिक तरीके से मत्स्य पालन को बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



सुशीला देवी।



देवेश कुमार।

केंद्र एवं प्रदेश सरकार की ओर से किसानों की आय बढ़ाने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभिन्न क्षेत्रों को बढ़ावा दिया जा रहा है।

मत्स्य पालन भी किसानों के लिए आय एवं रोजगार का एक महत्वपूर्ण माध्यम बनकर उभर रहा है। जिलें में अनेक किसान मत्स्य पालन को अपनाकर उपलब्ध जल संसाधनों का सदुपयोग कर अपनी आजीविका को सुदृढ़ कर रहे हैं।

जिला मत्स्य अधिकारी अंजू रानी ने बताया कि विभाग की ओर से किसानों को मत्स्य पालन की वैज्ञानिक एवं आधुनिक तकनीकों एवं आवश्यक तकनीकी मार्गदर्शन के बारे में जागरूक किया जा रहा है।

विभाग के मार्गदर्शन से किसानों को मत्स्य पालन की गतिविधियों को व्यवस्थित एवं वैज्ञानिक तरीके से संचालित करने में सहायता मिल रही है।

उपयोगी व्यवसाय के रूप में अपना सकते मत्स्य पालन

गांव नंदरामपुर बास निवासी देवेश कुमार ने बताया कि मत्स्य पालन उनके लिए आजीविका एवं आय का एक महत्वपूर्ण माध्यम बना है। उन्होंने बताया कि मत्स्य पालन विभाग से प्राप्त मार्गदर्शन एवं तकनीकी सहयोग और योजना से उन्हें गतिविधि को बेहतर तरीके से संचालित करने में सहायता मिली। उन्होंने बताया कि योजना की उचित जानकारी एवं वैज्ञानिक तरीके अपनाकर किसान मत्स्य पालन को एक उपयोगी व्यवसाय के रूप में अपना सकते हैं। वहीं गांव गुमिना निवासी सुशीला देवी ने बताया कि मत्स्य पालन के माध्यम से उपलब्ध जल संसाधनों का बेहतर एवं उत्पादक उपयोग हो रहा है तथा इससे आय के अतिरिक्त अवसर प्राप्त हुए हैं।

किसानों को किया जा रहा प्रेरित

जिला मत्स्य अधिकारी ने बताया कि विभाग की ओर से किसानों को मत्स्य पालन से संबंधित विभिन्न योजनाओं एवं सुविधाओं की जानकारी उपलब्ध कराने के साथ-साथ पात्र लाभार्थियों को आवश्यक तकनीकी मार्गदर्शन दिया जा रहा है। विभाग का उद्देश्य अधिक से अधिक किसानों को मत्स्य पालन से जोड़ना तथा ग्रामीण क्षेत्र में स्वरोजगार एवं आय के नए अवसरों को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि मत्स्य पालन के माध्यम से जहां किसानों को अतिरिक्त आय के अवसर प्राप्त हो रहे हैं।

रेवाड़ी। अभियान में शामिल आरडब्ल्यूए के सदस्य व बच्चे।

अकबरपुर से शुरू हुआ राष्ट्र ऋण अभियान, पूर्व सैनिक को किया सम्मानित

नारनौल। राष्ट्र की सीमाओं की रक्षा में अपना जीवन समर्पित करने वाले सैनिकों के प्रति समाज की कृतज्ञता को व्यवहार में उतारने की अनूठी पहल राष्ट्र ऋण अभियान का शुभारंभ गांव अकबरपुर से किया गया। ट्रस्टी नरोत्तम सोनी ने बताया कि प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट की ओर से शुरू किए गए इस अभियान के अंतर्गत हाल ही में भारतीय सेना से सेवानिवृत्त होकर अपने गांव लौटे जाट रेजिमेंट के सूबेदार उम्मेद सिंह के घर पहुंचकर ट्रस्ट पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों ने उनकी राष्ट्रसेवा के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। अभियान का शुभारंभ प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट के संस्थापक एवं अध्यक्ष डॉ. संजय शर्मा व ग्राम पंचायत अकबरपुर के सरपंच शमशेर सिंह ने किया। सूबेदार उम्मेद सिंह को अंगवस्त्रम, पगड़ी, स्मृति चिह्न, पुष्प एवं अभिनंदन-पत्र भेंट की।

केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने कमलजीत के गांव में की घोषणा

सुलखा में कराया जाएगा स्टेडियम का निर्माण कादिपुर शूटिंग रेंज पर खर्च होंगे 200 करोड़

कहा, अगले एशियन गेम्स में 50 प्रतिशत पदक होंगे प्रदेश के नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि एशियन गेम्स में कमलजीत जैसे होनहार खिलाड़ियों की बदौलत एशियन गेम्स में इस बार 40 फीसदी पदकों पर प्रदेश के खिलाड़ियों ने कब्जा जमाया है। गुरूग्राम के कादिपुर में चल रही एशियन गेम्स में युवाओं की मेहनत की बदौलत अगले एशियन गेम्स में प्रदेश के खिलाड़ी 50 प्रतिशत पदक देश के नाम करेंगे। राव शुक्रवार को एशियन गेम्स में पिस्टल से सोना जीतने वाले सुलखा निवासी कमलजीत व झज्जर निवासी सुरुचि सिंह के सम्मान में आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि वह खुद कॉमनवेल्थ गेम्स में शूटिंग प्रतियोगिता में हिस्सा ले चुके हैं। शूटिंग के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। कमलजीत ने सोना जीतकर अपने गांव व माता-पिता के साथ-साथ पूरे इलाके का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि सीएम नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार खेलों को बढ़ावा देने की दिशा में सराहनीय प्रयास कर रही है। सरकार की कुशल खेल नीति की बदौलत इस बार एशियन गेम्स में चालीस पदक हरियाणा के खिलाड़ियों ने झटके हैं। इन्हीं प्रयासों के चलते उन्हें आगामी एशियन गेम्स में प्रदेश के खिलाड़ियों को आधे से अधिक मेडल मिलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि कमलजीत ने पूरे देश में सुलखा गांव का नाम रोशन कर दिया है। वह इस गांव में वोट मांगने के लिए आते रहे हैं, लेकिन अंतर्राष्टीय शूटर के सम्मान में आयोजित समारोह में आकर उन्हें अपार खुशी का अहसास हो रहा है। राव ने ग्रामीणों की मांग पर आश्वासन दिया कि सुलखा गांव में खेल स्टेडियम का निर्माण कराने के लिए वह सीएम से बात करेंगे। गांव की इस मांग को जल्द सिरे चढ़ाने के प्रयास किए जाएंगे।



रेवाड़ी। कमलजीत व सुरुचि सिंह केंद्रीय मंत्री राव इन्द्रजीत सिंह के साथ। फोटो : हरिभूमि

लक्ष्य के समर्पण का परिणाम रहा

इस मौके पर विधायक डा. कृष्ण कुमार ने कहा कि कमलजीत ने अपने गांव का नाम पूरे देश में रोशन किया है। इसके लिए उसके माता-पिता और कोच को श्रेय जाता है। शूटिंग में सटीक निशाना साधने के लिए कमलजीत ने लक्ष्य के प्रति समर्पित होकर कड़ी मेहनत की है, जिसका परिणाम सभी के सामने है। कमलजीत दूसरे युवाओं के लिए एक प्रेरणा बन चुके हैं। उनके रास्ते पर चलकर भविष्य में अन्य युवा भी इस क्षेत्र में नाम कमाने के लिए आगे आएंगे।

शूटिंग में नाम कमा रहे खिलाड़ी

उन्होंने कहा कि शूटिंग के क्षेत्र में खिलाड़ियों के लिए अपार संभावनाएं हैं। गुरूग्राम के कादिपुर में चल रही शूटिंग रेंज को विकसित करने के लिए दो सौ करोड़ रुपये का बजट खर्च होने का अनुमान लगाया गया है। इसके लिए जमीन का अधिग्रहण भी हो चुका है। वह इसके लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। सीएम नायब सिंह सैनी से भी इस बारे में बात की जा रही है। उन्होंने कमलजीत की उपलब्धि पर पूरे गांव को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर बावल के विधायक डा. कृष्ण कुमार, कोसली के विधायक अनिल यादव, इंसाफ मंच के आजीवन सदस्य व प्रमुख समाजसेवी अनिल रायपुर, जिला प्रमुख मनोज यादव, पूर्व मंत्री जसवंत सिहं, कमलजीत के कोच शक्ति पाल, उनके पिता रतिराम, सरपंच सुधीर सोनी व बड़ी संख्या में प्रबुद्ध लोग मौजूद थे।

ग्रामीणों से जल की एक-एक बूंद का सदुपयोग करने का आह्वान

ग्रामीणों को जल संरक्षण की शपथ दिलाकर मनाई महात्मा गांधी जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की ओर से जल जीवन मिशन के अंतर्गत अनेक गांवों में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती जल संरक्षण एवं विभाग की नई नीतियों के बारे में जानकारी देने के उद्देश्य से ग्राम सभा का आयोजन कर जल अर्पण दिवस के रूप में मनाई गई। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जिला सलाहकार योगेंद्र परमार ने बताया कि गांव लिसाना, जैतपुर-शेखपुर, नाहड खंड के गांव भूरियावास, बावल खंड के गांव दुल्हेडा खुर्द, धारूहेड़ा खंड के गांव ततारपुर ईस्तमुरार और जाटूसाना खंड के गांव नांगलिया रणमोख में विशेष ग्राम सभाओं के दौरान जल अर्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्राम जल सीवरेज समिति सदस्यों, ग्रामीणों तथा विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान पेयजल स्रोत पर माल्यार्पण कर जल स्रोतों के संरक्षण एवं सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। ग्रामीणों को जल जीवन मिशन के उद्देश्यों, हर घर नल से जल की उपलब्धता, जल संरक्षण, जल स्रोतों की स्वच्छता तथा पेयजल योजनाओं के उचित संचालन एवं रखरखाव नीति के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।



रेवाड़ी। ग्रामीणों को जानकारी देते हुए विभाग की टीम। फोटो : हरिभूमि

मौके पर ये मौजूद रहे

ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे जल की एक-एक बूंद का सदुपयोग करें, पेयजल स्रोतों को स्वच्छ रखें तथा गांव में संचालित जलापूर्ति व्यवस्था के रखरखाव में सक्रिय सहयोग दें। ग्राम सभा के दौरान ग्रामीणों ने जल संरक्षण एवं जल स्रोतों की सुरक्षा के लिए सामूहिक रूप से सहयोग करने का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के उपमंडल अभियंता इंद्रजीत यादव जयप्रकाश, कनिष्ठ अभियंता गौरव, दिनेश कुमार, रोहित, समीउल्लाह सुमित कुमार, गोरेकांत, रोहित यादव व खंड संयोजक अनिल नेहरा, मनोज कुमार, जितेंद्र, विनोद व संदीप सहित गांवों के सरपंच और ग्रामीण उपस्थित रहे।

खाटू श्याम जा रहे श्रद्धालुओं का कोसली में हुआ स्वागत

कोसली। झज्जर जिले के रोहद गांव से खाटूश्याम धाम के लिए 14 सितंबर को शुरू हुई दूसरी पेटपलनिया यात्रा कोसली पहुंची। कोसली पहुंचने पर श्री श्याम भक्तों व श्रद्धालुओं ने पेट के बल खाटूश्यामजी जा रहे यात्रियों का बाबा के जयकारों के साथ स्वागत किया। श्रद्धालुओं की टोली आस्था और श्रद्धा के साथ खाटूश्याम धाम की ओर रवाना हुई। यात्रा करीब 45 दिन में खाटू धाम पहुंचेगी। यात्रा में शामिल भगत कृष्ण रूहल, भगत रामकुमार रूहल, कुल पुरोहित मुकेश शर्मा, भगत देव रूहल, सुरेंद्र भगत, भगत अमर सिंह, भगत परमजीत, भगत गौरव, भगत पुष्पेंद्र जांगड़ा, नरेंद्र पीटीआई और कमल भगत ने कोसली के श्याम भक्तों का आभार व्यक्त किया।



डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में उत्साह के साथ मनाया स्वच्छता सेवा दिवस

- विद्यार्थियों ने विद्यालय के विभिन्न खेल मैदानों एवं ग्राउंड की स्वच्छता में योगदान दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

दिल्ली रोड पुलिस लाइन स्थित डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में गांधी जयंती पर शुक्रवार को स्वच्छता ही सेवा दिवस उत्साह एवं सहभागिता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी का परिचय देते हुए विद्यालय परिसर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में सक्रिय सहभागिता की। कक्षा तीन से पांचवीं के विद्यार्थियों ने अपने-अपने कक्षा प्रभारी शिक्षकों के मार्गदर्शन में कक्षाओं की स्वच्छता में भाग लिया। कक्षा छठी से नौवीं के विद्यार्थियों ने विद्यालय के विभिन्न खेल मैदानों एवं ग्राउंड की स्वच्छता में योगदान दिया। विद्यार्थियों ने क्रिकेट नेट क्षेत्र के आसपास पड़े छोटे कंकड़-पत्थरों को हटाकर परिसर को स्वच्छ बनाने में सहयोग किया।

इस मौके पर स्वच्छ समाज, स्वस्थ समाज विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई।


रेवाड़ी। अपनी चित्रकला दिखाते हुए विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

वार्षिक उत्सव व प्रतिभा सम्मान समारोह को लेकर यादव सभा की बैठक कल

रेवाड़ी। यादव कल्याण सभा की ओर से 4 अक्टूबर को गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्रीकृष्ण भवन में बैठक व निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। यादव सभा प्रवक्ता प्रो. सतीश यादव ने बताया कि शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टर लोगों को मेडिसन, हड्डी रोग, सर्जरी, नेत्र रोग, ईएनटी व दंत रोग में ओपीडी सेवाएं प्रदान करेंगे। कैंप में फिजियोथेरेपी की सेवाएं भी दी जाएगी। शिविर के बाद 11 बजे यादव कल्याण सभा की विशेष मीटिंग प्रधान रामबीर यादव की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। मीटिंग में वार्षिक उत्सव तथा प्रतिभा प्रोत्साहन व सम्मान समारोह के नवंबर माह में होने वाले आयोजन की तैयारियों को लेकर विचार-विमर्श किया जाएगा।

विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों व साइबर अपराधों को लेकर किया जागरूक

- नशा किसी भी समाज व युवा पीढ़ी को जड़ से खोखला कर देता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

शुक्रवार को प्रबंधक थाना जाटूसाना पीएसआई प्रिंस ने टीम के साथ गांव हालुहेडा स्थित आरडीआर सीनियर सैकेंडरी स्कूल का दौरा किया। पीएसआई ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों, बढ़ते साइबर अपराधों से बचाव के तरीकों तथा यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। पीएसआई प्रिंस ने कहा कि नशा किसी भी समाज व युवा पीढ़ी को जड़ से खोखला कर देता है। उन्होंने विद्यार्थियों से नशा मुक्त समाज के निर्माण में भागीदार बनने की अपील की और कहा कि यदि आसपास कोई व्यक्ति नशे की बिक्री या सेवन में संलिप्त दिखाई दे तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। पीएसआई ने विद्यार्थियों को ऑनलाइन सुरक्षा के महत्त्वपूर्ण टिप्स देते हुए कहा कि किसी भी अज्ञात व्यक्ति के साथ अपना बैंक खाता विवरण, ओटीपी, सीवीवी या पासवर्ड साझा न करें। अनजान लिंक, अनधिकृत मोबाइल ऐप और लुभावने विज्ञापनों पर क्लिक करने से बचें। यदि किसी के साथ साइबर वित्तीय धोखाधड़ी होती है, तो तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें। विद्यार्थियों को यातायात नियमों की भी जानकारी दी गई।


रेवाड़ी। विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए पीएसआई। फोटो : हरिभूमि

पितृपक्ष में श्रीमद् भागवत कथा शुरू, कलश यात्रा निकाली


रेवाड़ी। श्रीमद्भागवत कथा से पूर्व कलश यात्रा में भाग लेती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

- कलश यात्रा भजन कीर्तन और धार्मिक जयकारों के साथ शिव मंदिर पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसली

कोसली के प्राचीन शिव मंदिर में पितृपक्ष के अवसर पर श्रीमद्भागवत कथा श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ शुरू की गई। इससे पूर्व बाबा मुक्तेश्वरपुरी मठ से प्राचीन शिव मंदिर तक कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं एवं पुरुषों ने भाग लिया। कलश यात्रा भजन कीर्तन और धार्मिक जयकारों के साथ शिव मंदिर पहुंची। हरिद्वार से पधारे कथा व्यास राकेश महाराज श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कराएंगे। मंदिर के महंत रामदास महाराज ने कहा कि पितृ पक्ष में श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करने से मन को शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा प्राप्त होती है। श्रीमद्भागवत कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि जीवन को संस्कार, सद्भाव और भक्ति की दिशा देने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि सभी श्रद्धालु कथा में शामिल होकर भगवान की लीलाओं का श्रवण करें और अपने जीवन में धर्म एवं सदाचार के मार्ग को अपनाएं।

खेल-खेल में सीखने की तकनीकों का प्रदर्शन किया

- बच्चों ने गीत, कविताओं व कहानी सहित अनेक गतिविधियों में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से जिले में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। शुक्रवार को जाटूसाना ब्लॉक की आंगनबाड़ी केंद्रों पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। जाटूसाना ब्लॉक के आंगनबाड़ी केंद्रों में दूसरे दिन की गतिविधियों का मुख्य फोकस मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण, प्रारंभिक बाल देखभाल एवं शिक्षा तथा बच्चों की सहभागिता पर रहा। केंद्रों पर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य संबंधी परामर्श एवं जागरूकता सत्र आयोजित किए गए। टीकाकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ छूटे हुए बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं की पहचान पर भी विशेष ध्यान दिया गया। एनीमिया की रोकथाम, जांच तथा आयरन-फॉलिक एसिड की गोलियों के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास की निगरानी के लिए वृद्धि एवं विकास मापन किया गया। महिला एवं बाल विकास कार्यक्रम अधिकारी शालू यादव ने बताया कि प्रारंभिक बाल देखभाल एवं शिक्षा के तहत रचनात्मक गतिविधियां तथा खेल-खेल में सीखने की तकनीकों का प्रदर्शन किया गया। बच्चों को विद्यालय पूर्व शिक्षा और विद्यालय के लिए तैयारी संबंधी आवश्यक मार्गदर्शन भी दिया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने मनोरंजक गीत, बाल कविताएं एवं कहानी सुनाने जैसी गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों की रचनात्मकता और सहभागिता बढ़ाने के लिए विभिन्न खेल, चित्रकारी एवं रंग भरने की गतिविधियां भी कराई गईं।


रेवाड़ी। आंगनबाड़ी केंद्र में गतिविधियों में भाग लेते बच्चे। फोटो : हरिभूमि

कोसली में जर्जर भवनों में चल रहे 7 आंगनबाड़ी केंद्र, ग्रामीणों ने उठाई मांग

कोसली। कोसली में पिछले करीब दस वर्षों से 7 आंगनबाड़ी केंद्र जर्जर भवनों में संचालित हो रहे हैं। भवनों की स्थिति खराब होने के बावजूद आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को जर्जर भवनों में बच्चों को सेवाएं देनी पड़ रही हैं। ग्रामीणों ने सरकार से कोसली में अलग-अलग आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए नए सरकारी भवनों का निर्माण कराने की मांग की है। कोसली में आयोजित विशेष ग्राम सभा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत की ओर से आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए जमीन उपलब्ध कराने को लेकर कई बार प्रस्ताव भी दिए जा चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद पिछले दस वर्षों से नए आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण के लिए राशि उपलब्ध नहीं कराई गई है। ग्रामीणों ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों में छोटे बच्चों को रखा जाता है। ऐसे में जर्जर भवनों में बच्चों की सुरक्षा को लेकर अभिभावकों में चिंता बनी हुई है। उन्होंने सरकार से प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र के लिए अलग और सुरक्षित भवन का निर्माण कराने की मांग की है। ग्राम सभा में आंगनबाड़ी कर्मचारी सरिता, मिनेन्द्रा, सरोज, बबिता, नविता, भागोती, ज्ञानवती, लाली, प्रमिला, ओमप्रकाश डाबला पंच, कृष्ण यादव,पंच, ओमबीर पंच, अनील पंच, आदित्य पंच, कैप्टन कर्म सिंह पंच, पुष्पा पंच व सुमन पंच सहित ग्रामीण मौजूद रहे।



रेवाड़ी। आंगनबाड़ी केंद्रों के जर्जर भवनों को लेकर आम सभा में मौजूद ग्रामीण।

फर्जी शॉपिंग वेबसाइट, डिस्काउंट ऑफर और नकली डिलीवरी मैसेज से रहें सावधान

फेस्टिवल ऑफर्स के लालच में न करें जल्दबाजी

खरीदारी के लिए सीधे विश्वसनीय वेबसाइट या उसके आधिकारिक ऐप का इस्तेमाल करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



- ऑनलाइन खरीदारी में बरतें सतर्कता : एसपी

त्योहारी सीजन में ऑनलाइन खरीदारी और आकर्षक डिस्काउंट ऑफर्स के बीच साइबर अपराधी भी ठगी के नए तरीके अपना रहे हैं। जिला पुलिस ने आमजन को ऑनलाइन खरीदारी के दौरान विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है। फेस्टिवल ऑफर्स के लालच में की गई जल्दबाजी ठगी का शिकार बना सकती है। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि त्योहारों के दौरान सोशल मीडिया, मैसेज और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर भारी छूट, सीमित समय के ऑफर, गिफ्ट वाउचर या बेहद कम कीमत पर सामान देने जैसे प्रलोभन देकर फर्जी लिंक भेजे जा सकते हैं। ऐसे किसी भी ऑफर पर भरोसा करने से पहले संबंधित वेबसाइट या विक्रेता की विश्वसनीयता जांच अवश्य करें। एसपी ने कहा कि खरीदारी के लिए सीधे विश्वसनीय वेबसाइट या उसके आधिकारिक ऐप का इस्तेमाल करें। सर्च इंजन या सोशल मीडिया पर दिखाई देने वाले कस्टमर केयर नंबरों पर बिना सत्यापन संपर्क न करें। ओटीपी, यूपीआई पिन, सीवीवी, एटीएम कार्ड नंबर अथवा बैंक खाते से जुड़ी गोपनीय जानकारी किसी भी व्यक्ति के साथ साझा न करें।

साइबर ठगी होने पर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें

एसपी ने नागरिकों को विशेष रूप से फर्जी डिलीवरी मैसेज से सावधानी बरतने की सलाह दी है। साइबर ठग पार्सल अटकने, पता अपडेट करने, अतिरिक्त डिलीवरी चार्ज या रिफंड का बहाना बनाकर लिंक भेज सकते हैं। ऐसे लिंक खोलने या क्यू कोड स्कैन करने से पहले पूरी तरह सत्यापन करें। पैसे प्राप्त करने के लिए यूपीआई पिन दर्ज करने की आवश्यकता नहीं होती। एसपी मीणा ने कहा कि ऑनलाइन खरीदारी में जल्दबाजी के बजाय सतर्कता अपनाएं। कोई ऑफर असामान्य रूप से सस्ता या संदिग्ध लगे तो भुगतान करने से पहले उसकी जांच जरूर करें। साइबर ठगी होने पर बिना देरी किए हेल्प लाइन नंबर 1930 पर कॉल करें अथवा राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज करें।

बोलनी में आज लगाया जाएगा सेवा सेतु शिविर

रेवाड़ी। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विभिन्न विभागों की ओर से जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ अन्य जागरूकता गतिविधियां और शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। जिले में सेवा सेतु शिविर के माध्यम से आमजन को योजनाओं की जानकारी देने के साथ पंजीकरण भी किया जा रहा है। जिला समाज कल्याण अधिकारी रेनू बाला ने बताया कि शनिवार को धारूहेड़ा ब्लॉक के गांव बोलनी में सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने गांव बोलनी के ग्राम सचिवालय में आयोजित होने वाले सेवा सेतु शिविर में ग्रामीणों को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर योजनाओं का लाभ लेने का आह्वान किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005